# कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**गुरुग्राम** सत्यदेव शर्मा (पंजाब केसरी): राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय एवं मुख्यालय क.रा.बी.नि. के निर्देशों का अनुपालन करते हुए उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही 2024 की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने में आ रही समस्याओं को दूर करना और साथ ही उन्हें अपना समस्त कार्यालयी कामकाज हिंदी में करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यालय अध्यक्ष श्री विकास कुंडल, निदेशक(प्रभारी) की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्याम कुमार, संयुक्त निदेशक(रा.भा.), मुख्यालय, क.रा.बी..नि. एवं मुख्य वक्ता के रूप में राजेश शर्मा, उप निदेशक(रा.भा.), क्षेत्रीय कार्यालय चैन्ने उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए कार्यालय प्रमुख द्वारा मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता को शॉल एवं प्लांट पॉट भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री श्याम कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि उप क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी के प्रयोग और प्रचार-प्रसार हेतु नित नए-नए प्रयोग और हिंदी का कार्यान्वयन वास्तव में प्रशंसनीय हैं। कार्यालय के विभिन्न स्थानों पर जाँच बिंदु और धारा 3(3) के बोर्ड, हिंदी पुस्तकालय का निर्माण आदि हिंदी के प्रति कार्यालय प्रमुख की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्य अतिथि ने इसके लिए कार्यालय के सभी कार्मिकों को बधाई का पात्र बताते हुए कार्यालय प्रमुख श्री विकास कुंडल के टीम वर्क की सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में टीम को साथ में लेकर चलना ही एक सच्चे नेतृत्व की पहचान है और विकास कुंडल जी में यह गुण पूर्ण रूप से विद्यमान है। अपने वक्तव्य को आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षुओं को कार्यशाला में पूर्ण मनोयोग और जिज्ञासा के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



पंजाब केसरी
Tue, 22 October 2024
https://mpaper.punjabkesari.com/c/76088192